Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 11 अगस्त, 2023

सुस्वागतम पोर्टल

हाल ही में **सर्वोच्च न्यायालय (Supreme Court- SC) ने 'सुस्वागतम' पोर्टल लॉन्च करने की घोषणा की, जो अधिवक्ताओं, आगंतुकों, प्रशिक्षुओं और अन्य लोगों को स्वयं को ऑनलाइन पंजीकृत** करने तथा शीर्ष न्यायालय (Apex Court) में प्रवेश के लिये ई-पास (E-Passes) प्राप्त करने में सक्षम बनाएगा।

- जुलाई 2023 में **पोर्टल का पायलट प्रोजेक्ट (Pilot Project) के रूप में परीक्षण किया गया और उसे उपयोगकर्त्ताओं से सकारात्मक प्रतिक्रियाएँ मिलीं।**
- यह **एक वेब-आधारित और मोबाइल-अनुकूल एप्लीकेशन है जो उपयोगकर्त्ताओं को विभिन्न उद्देश्यों जैसे कि न्यायालय की सुनवाई में भाग लेने, अधिवक्ताओं से मिलने आदि के लिये ई-पास के लिये अनुरोध करने की अनुमति देता है।**

और पढ़ें... [न्यायपालिका का भारतीयकरण]

अरुणाचल रंग महोत्सव

अरुणाचल रंग महोत्सव भारत के विभिन्न राज्यों में मनाया जाने वाला चार दिवसीय उत्सव है।

- यह **एक भारत, श्रेष्ठ भारत के सिद्धांतों के अनुरूप** है।
- यह **उत्सव नाटक के माध्यम से अरुणाचल के इतिहास को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से** मनाया जाता है, इसके तहत **4 नाटक दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और गुवाहाटी में प्रदर्शित** किये जाने थे।

//

और पढ़ें... अरुणाचल प्रदेश का राज्य स्थापना दिवस

मालाबार 2023 में INS सह्याद्रि और INS कोलकाता हिस्सा लेंगे

भारतीय नौसेना के स्वदेशी युद्धपोत **INS सह्याद्रि** और **INS कोलकाता**, मालाबार अभ्यास 2023 में भाग लेंगे इस अभ्यास का आयोजन 11 से 21 अगस्त, 2023 तक सिडनी के निकट क्या जाना है।

- **अमेरिकी नौसेना (USN), जापान मैरीटाइम सेल्फ डिफेंस फोर्स (JMSDF) और रॉयल ऑस्ट्रेलियन नेवी (RAN)** के जहाज़ और विमान भी इस अभ्यास का हिस्सा होंगे।
  - वर्ष 1992 में भारतीय नौसेना और अमेरिकी नौसेना के बीच द्विपक्षीय प्रयास के रूप में शुरू हुई **समुद्री अभ्यास की मालाबार शृंखला का** उल्लेखनीय रूप से विकास हुआ है, जो अब भारत-प्रशांत क्षेत्र के चार महत्त्वपूर्ण नौसैनिक बलों को शामिल करती है।

और पढ़ें... मालाबार अभ्यास

भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र को बढ़ावा देने हेतु तमिलनाडु में नया स्पेसपोर्ट स्थापित

भारत, **तमिलनाडु के कुलसेकरपट्टिनम में एक नए स्पेसपोर्ट की स्थापना** के साथ अपनी अंतरिक्ष क्षमताओं का विस्तार करेगा।

- स्पेसपोर्ट का उपयोग **भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO)** द्वारा विकसित **लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (SSLV)** को लॉन्च करने के लिये किया जाएगा, जो कम लागत वाले छोटे उपग्रहों को अंतरिक्ष तक पहुँचाने के लिये डिज़ाइन किये गए हैं।
- **भारतीय अंतरिक्ष नीति, 2023** के अनुसार तकनीकी और सुरक्षा आवश्यकताओं के अधीन यह स्पेसपोर्ट **गैर-सरकारी संस्थाओं (NGE)** द्वारा उपयोग किये जाने हेतु खुला रहेगा।
  - सरकार ने NGE की अंतरिक्ष गतिविधियों को सुविधाजनक बनाने और अधिकृत करने के लिये एजेंसी के रूप में **भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्द्धन और प्राधिकरण केंद्र (IN-SPACe)** की स्थापना भी की है।

और पढ़ें... **भारतीय अंतरिक्ष नीति, 2023**, **लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-11-august-2023